RAF SECTOR

NEWS CLIP

22/05/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Swadesh (Bhopal,MP)

107 बटालियन द्रुत कार्य बल (आरएएफ) ने अपने अधिकारियों एव जवानों के बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया

■ सायंकालीन स्वदेश संवाददाता, भोपाल

एस.एम.हबीब असगर, कमाण्डेन्ट 107 बटालियन के तत्वाधान में 107 बटालियन द्रुत कार्य बल (RAF) कैम्प हिनौतिया भोपाल में बटालियन के अधिकारियों एव जवानो के बच्चों के लिए दिनाक 01/05/2019 से 16/05/2019 तक समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 135 बच्चों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य छात्र/छात्राएँ को अतिरिक्त पाठ्यचर्या गतिविधियों में भाग लने के लिए उत्सुक और खुद को हर क्षेत्र में श्रेष्ठ बनाना तथा बच्चों में पढ़ाई के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की सृजनात्मकता पैदा करना था। समर कैम्प में मुख्यत: योगा क्लास, स्वीमिंग क्लास , महिलाओं के लिए कुकरी क्लास, चित्रकारी, क्विज प्रतियोगिता, स्पीच प्रतियोगिता एवं मिमिक्री का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त ब्रेनकोड एबेकस एजुकेषन संस्थान के द्वारा एबेकस क्लास का संचालन किया गया, जिसमें सिविल संस्थान के प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार के उपकरणों से प्रैक्टिकल एवं मौखिक रूप में जानकारी प्रदान की गयी एवं अभ्यास कराया गया। समर कैंप के दौरान दिनांक 04 मई 2019 मेडीकल शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों, जवानो तथा गोद लिए गाव हिनौलिया, थानेगांव, बामुलिया डांगी, घाटखेडी तथा तरावली के बच्चो का दाँत, आँख, नाक, कान, गला इत्यादि को चिकित्सा विषेशज्ञों के द्वारा मुफ्त जाँच कराई गई एवं दवाइयां बाटी गई। दिनाक 16/05/2019 को समर कैंप के समापन समारोह के दौरान एस0एम0 हबीब असगर, कमाण्डेन्ट 107 बटालियन तथा श्रीमती फातमा अहमद अध्यक्षा क्षेत्रीय कल्याण संघ केरिपुबल के द्वारा विजेता प्रतिभागियों को ट्राफी , मेडल तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । समापन समारोह में अपने अविभाषण के दौरान बच्चो का उत्साह बर्धन करते हुए नई तकनीक की शिक्षा ग्रहण करने पर जोर दिया साथ ही बच्चों के उज्जवल भविश्य की कामना किया।

Nav Duniya (Bhopal,MP)

समर कैंप के समापन पर बांटे पुरस्कार

मंडीदीप। बंगरसिया स्थित आरएएफ 107 बटालियन में 15 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में जवानों के 135 बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप का सोमवार को समापन हुआ। इस अवसर पर बटालियन कमांडेंट एसएम हबीब मौजूद थे। इस अवसर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल क्षेत्रीय कल्याण संघ की अध्यक्ष फातमा अहमद द्वारा विजेताओं को पुरष्कार वितरित किए गए।

Prabhat Khabar (Jamshedpur,JKD)

आतंकवाद विरोधी दिवस पर जवानों ने लिया संकल्प

नरवा. रैफ 106 बीएन सुंदरनगर कैंप में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया गया. मौके पर उपस्थित जवानों ने आतंकवाद को जड़ से खत्म करने की शपथ दिलायी गयी. मौके पर रैफ 106 बीएन के कमांडेंट पीके सिंह ने कहा कि अहिंसा देश की परंपरा रही है. आतंकवाद को खत्म कर ही हम देश में अमन-चैन बहाल कर सकते हैं. उन्होंने सभी जवानों को देश की सुरक्षा के प्रति पूरी निष्ठा से तटस्थ रहने की शपथ दिलायी.

Dainik Bhaskar (Jamshedpur,JKD)

रैफ के जवानों ने आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया

जमशेदपुर | 106 वाहिनी द्रुत कार्य बल (रैफ) के जवानों ने मंगलवार को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया। इस मौके पर कमांडेंट पीके सिंह ने जवानों को आतंकवाद विरोधी दिवस का महत्व बताया। पीके सिंह ने कहा- आज ही के दिन देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या आतंकवादियों द्वारा कर दी गई थी। उनकी हत्या आत्मघाती दस्तों द्वारा की गई थी। आज पूरा विश्व आतंकवाद का दंश झेल रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल के जवान होने के कारण आतंकवाद को समाप्त करने में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस मौके पर पीके सिंह ने सभी कार्मिकों को आतंकवाद का विरोध करने की शपथ दिलाई।

Flash News (Jamshedpur,JKD)

न्यूज़ फ़्लैश/जमशेदपुर: सुंदरनगर स्थित 106 वाहिनी द्रुत कार्य बल में आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर रैफ 106 बटालियन के कमान्डेंट के.पी.सिंह ने वाहिनी के सभी कार्मिकों को आतंकवाद का विरोध हेतु शपथ दिलाई. इसमें अधिकारी व जवान समेत कुल 200 लोगों ने शपथ ली।

यहाँ मौजूद जवानों को संबोधित करते हुए रैफ कमांडेंट पी के सिंह ने आतंकवाद विरोधी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि आज ही के दिन स्वर्गीय राजीव गांधी जो भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे उनकी हत्या आतंकवादियों ने 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में की थी. उनकी हत्या लिट्टे के आत्मघाती दस्ते द्वारा की गई थी. आज संपूर्ण विश्व आतंकवाद का दंश झेल रहा है इसलिए सुरक्षा बल के सदस्य होने के कारण हमें आतंकवाद को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना अनिवार्य है.

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।